>

Title: Need to provide life insurance cover to farmers under Kisan Credit Card Scheme -laid.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी- महेन्द्रगढ़): मैं भारत सरकार का ध्यान किसान क्रेडिट कार्ड योजना की तरफ ले जाना चाहता हूं । फसल बीमा योजना पूरे देश में लागू की गई है । मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि के.सी.सी. किसान के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्कीम है । इससे बैंक के माध्यम से किसान को मदद मिलती है । मैं आग्रह करना चाहता हूं कि जब के.सी.सी. बनाया जाता है तो उसी समय उस क्रेडिट कार्ड के साथ उसका जीवन बीमा भी किया जाये । भगवान न करे कि कभी कोई विसंगति हो लेकिन दुर्घटना की स्थिति में अगर किसान नहीं रहता है तो बाद में उसके परिवार को किसान क्रेडिट कार्ड का लोन जमा करते समय, उसे जीवन बीमा की राशि मिलेगी, उससे उनको बड़ी मदद मिलेगी । इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि के.सी.सी. बनाते समय उसमें जीवन बीमा भी अनिवार्य किया जाये । अगर इस तरह के निर्देश बैंकों के लिए जारी होंगे तो बड़ी कृपा होगी ।